हरिभूमि

# सीहोर भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, सोमवार 24 नवंबर 2025

06 कथा में शिव प्रसंगों के माध्यम से श्रद्धालुओं ...



08 डोडी मंडल के बीएलए-2 की दरखेड़ा में हुई बैठक





## खबर संक्षेप

### प्रारंभिक कक्षाओं का अर्धवार्षिक मूल्यांकन 8 दिसंबर से

**सीहोर**। प्रदेश की शासकीय और अशासकीय शालाओं में कक्षा 3 से 8 के लिए सोमवार 24 नवम्बर से आयोजित होने वाला अर्धवार्षिक मूल्यांकन की तिथि बढ़ाई गई है। अब मूल्यांकन का कार्य 8 दिसम्बर से 13 दिसम्बर के मध्य होगा। राज्य शिक्षा केन्द्र के संचालक हरजिंदर सिंह ने वर्तमान में प्रदेश में संचालित चुनावी प्रक्रिया एसआईआर में शासकीय कर्मचारियों की व्यस्तता के कारण कक्षा 3 से 8 के अर्धवार्षिक मूल्यांकन की तिथियों को आगे बढ़ाने का निर्णय लिया है। इस संबंध में नवीन समयसारिणी जारी की है।

### गणना पत्रक भरने आवश्यक नहीं ओटीपी

**सीहोर**। एसआईआर-2026 के दौरान गणना पत्रक भरने के लिए बीएलओ या किसी भी अन्य अधिकारी द्वारा किसी भी माध्यम से ओटीपी मांगे जाने की आवश्यकता नहीं है। मध्यप्रदेश के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी संजीव कुमार झा ने मतदाताओं को सतर्क करते हुए बताया है कि वर्ष 2003 की मतदाता सूची में स्वयं, माता-पिता या दादा-दादी संबंधी जानकारी प्राप्त करने के लिए मतदाता अपने क्षेत्र के बीएलओ अथवा नजदीकी हेल्पडेस्क से संपर्क कर सकते हैं। इसके अलावा जानकारी ऑनलाइन भी प्राप्त की जा सकती है। उन्होंने नागरिकों से अनुरोध किया है कि एसआईआर पत्रक भरते समय सुरक्षा उपायों का पालन करें। आधिकारिक सरकारी वेबसाइट पर ही एसआईआर भरें। ओटीपी या व्यक्तिगत जानकारी किसी के साथ साझा न करें। एसआईआर की प्रक्रिया में निर्वाचन विभाग या किसी अधिकारी द्वारा फोन/मैसेज पर ओटीपी, आधार नंबर, मोबाइल नंबर आदि मांगना प्रक्रिया का हिस्सा नहीं है। यदि कोई इस तरह की जानकारी मांगता है तो वह 'साइबर फ्रॉड कॉल' हो सकता है।

### भावांतर योजना में मॉडल रेट हुआ 4285

**सीहोर**। भावांतर योजना 2025 के अंतर्गत सोयाबीन विक्रेता किसानों के लिए आज 22 नवंबर को 4285 रुपए प्रति क्विंटल का मॉडल रेट जारी किया गया है। यह मॉडल रेट उन किसानों के लिए है जिन्होंने अपनी सोयाबीन की उपज मंडी प्रांगणों में विक्रय की है। इस मॉडल रेट के आधार पर ही भावांतर की राशि की गणना की जाएगी। मॉडल रेट और न्यूनतम समर्थन मूल्य के भावांतर की राशि राज्य सरकार द्वारा दी जा रही है। सोयाबीन के मॉडल रेट में लगातार वृद्धि जारी है। पहला मॉडल रेट 7 नवंबर को 4020 रुपए प्रति क्विंटल जारी किया गया था। राज्य सरकार की गारंटी है कि किसानों को सोयाबीन के न्यूनतम समर्थन मूल्य की 5328 रुपए प्रति क्विंटल की राशि मिलेगी।

### 400 गांवों तक पहुंचा कीट, 3000 हेक्टेयर फसल प्रभावित

# संकट में अन्नदाता : रबी की शुरुआत में ही 'जड़माहू' और 'उकठा' रोग का हमला

प्रारंभिक आकलन के अनुसार अब तक करीब तीन हजार हेक्टेयर से अधिक की फसल प्रभावित हो चुकी है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



जिले में अभी रबी की बोवनी का कार्य पूरी तरह संपन्न भी नहीं हुआ है कि किसानों पर प्राकृतिक आपदा का एक और संकट टूट पड़ा है। इस बार हमला गेहूं की फसल में जड़माहू कीट और चना-मसूर में उकठा रोग का हुआ है, जिसने जिले के सैकड़ों गांवों को अपनी चपेट में ले लिया है। प्रारंभिक आकलन के अनुसार अब तक करीब तीन हजार हेक्टेयर से अधिक की फसल प्रभावित हो चुकी है। कृषि विभाग के अनुसार जिले में गेहूं की फसल में जड़माहू कीट का प्रकोप 400 गांवों तक फैल चुका है, जबकि चना और मसूर की फसल में उकठा रोग 40 गांवों में देखा गया है। कृषि वैज्ञानिकों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही दवा का छिडक़ाव नहीं किया गया तो पूरी फसल नष्ट हो सकती है और उत्पादन में भारी गिरावट आएगी। बताया जा रहा है इछावर तहसील में फसल को सर्वाधिक नुकसान होने की खबर है।

#### जमीन से चूस रहा रस, पौधा हो रहा पीला

किसानों के अनुसार पिछले पांच साल से यह समस्या जिले में बनी हुई है। बताया जा रहा है कि बोवनी के बाद हुई हल्की बारिश से गेहूं की फसल में जड़माहू कीट सक्रिय हो गया है। यह कीट पौधे की जड़ से रस चूस रहा है, जिससे पौधा सूखकर खराब हो रहा है। वहीं चना और मसूर में फफूंद लगने से पौधा पीला पडक़र नष्ट हो रहा है, जिससे किसानों की आंखों के सामने उनकी फसल चौपट हो रही है।

#### कृषि वैज्ञानिक टीम दंग

किसानों की लगातार शिकायतों के बाद बीते दिनों कृषि विज्ञान केंद्र सेवनिया के वैज्ञानिक दीपक कुशवाह और कृषि अधिकारियों की टीम ने बरखेड़ा कुर्मी, भाऊखेड़ी, जमोनिया, नरसिंगखेड़ा, धामंदा सहित करीब 10 गांवों का दौरा किया। टीम ने पाया कि स्थिति अत्यंत चिंताजनक है। किसानों ने टीम को बताया कि कई किसानों की दो से पांच एकड़ तक की पूरी फसल नष्ट हो गई है, जिसके कारण उन्हें दोबारा बोवनी करनी पड़ी है।

#### कर्ज चुकाने की चुनौती

जिले में इस साल रबी का रकबा 4 लाख 5 हजार हेक्टेयर निर्धारित है, जिसमें गेहूं का रकबा 3.40 लाख हेक्टेयर है। किसानों ने बताया कि सोयाबीन को पहले ही अल्पवृष्टि और अतिवृष्टि ने भारी नुकसान पहुंचाया था। अब रबी की फसल भी बर्बाद हो रही है। किसान राजेन्द्र वर्मा ने बताया कि प्राकृतिक आपदा पीछा नहीं छोड़ रही है। आंखों के सामने फसल बर्बाद हो रही है। फसल पर लिया कर्ज चुकाना अब एक बहुत बड़ी चुनौती है। किसान सौभाल सिंह ने बतााय कि महंगी दवाएं लाकर छिडक़ाव करने के बाद भी कीट प्रकोप न रुकने की पीड़ा व्यक्त की।

**रबी का रकबा**

- 340000 गेहूं
- 50 हजार चना
- 0 हजार मसूर
- 5 हजार अन्य

(रकबा हेक्टेयर में है)

- रोग : जड़माहू कीट प्रकोप
- उपाय : एसिटामेप्रिड 20 प्रतिशत एसपी 100 ग्राम प्रति एकड़, करंज, नीम तेल का 200 एमएल प्रति एकड़ के हिसाब से पानी में घोल बनाकर गेहूं फसल में छिडक़ाव करे।
- रोग : उकठा रोग
- उपाय : थायोफिनेट मिथाइल 400 ग्राम एकड़, करंज, नीम तेल 200 मिली लीटर प्रति एकड़ के हिसाब से पानी में घोल बनाकर चना, मसूर फसल में छिडक़ाव करे।

# बदल रहा मौसमः ठंड बढ़ी पारा आठ डिग्री पर पहुंचा

### आने वाले दिन में और गिरेगा तापमान



हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

कड़ाके की ठंड का दौर लगातार जारी है। रविवार को न्यूनतम तापमान 8.3 डिग्री सेल्सियस और अधिकतम तापमान 24 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

जिले में पिछले 16 दिनों से न्यूनतम तापमान लगातार 10 डिग्री सेल्सियस से नीचे बना हुआ है। मौसम विभाग के अनुसार, न्यूनतम और अधिकतम तापमान में काफी अंतर देखा जा रहा है। विभाग ने संभावना जताई है कि आगामी दिनों में आसमान साफ होगा और ठंड का प्रभाव और बढ़ेगा। शासकीय कृषि महाविद्यालय स्थित मौसम विज्ञान केंद्र के मौसम वैज्ञानिक डॉ. एसएस तोमर ने बताया कि बादल धीरे-धीरे साफ हो रहे हैं, जिससे आने वाले दिनों में ठंड बढ़ेगी। रविवार को न्यूनतम तापमान 8.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। इससे पहले, जिले में कभी बारिश तो कभी गर्मी का मिला-जुला मौसम देखने को मिल रहा था। इस साल मानसून ने 21 जून को दस्तक दी थी, जिसके बाद रुक-रुक कर बारिश होती रही। अब मौसम में बदलाव के साथ ठंड का मौसम शुरू हो गया है।

### मतदाताओं के घर पहुंचे एन्युमरेशन फॉर्म

**सीहोर**। प्रदेश में गणना पत्रक डिजीटाइजेशन का कार्य 57.05 प्रतिशत पूरा हो गया है। 5 करोड़ 73 लाख से अधिक मतदाताओं को एन्युमरेशन फॉर्म का बीएलओ द्वार वितरण किया जा चुका है। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर प्रदेश में मतदाता सूची को शुद्ध व त्रुटि रहित बनाने लिए एसआईआर का कार्य चल रहा है। इसके अंतर्गत बीएलओ द्वारा मतदाताओं को गणना पत्रक का वितरण व डिजिटाइजेशन का कार्य किया जा रहा है। 23 नवंबर तक प्रदेश के 5 करोड़ 73 लाख 2 हजार 531 मतदाताओं को 65014 बूथ लेवल अधिकारियों द्वारा गणना पत्र प्रदान किया जा चुके हैं। इनमें से 3 करोड़ 27 लाख 48 हजार 305 गणना पत्रकों का ाजिटाइजेशन भी पूरा किया जा चुका है, जो कुल गणना पत्रकों का 57.05 प्रतिशत है।

# कांग्रेस अध्यक्ष राजीव गुजराती ने किया नगर सहित गांव का दौरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



शनिवार को जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष द्वारा शहर सहित सीहोर विधानसभा क्षेत्र के ग्रामों का दौरा किया तथा मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत मतदाता सूची के सूक्ष्म सत्यापन, मतदान केंद्रों की वास्तविक स्थिति, हर पोलिंग पर चल रहे नए मतदाताओं के पंजीकरण तथा बूथ स्तर पर संगठन को और अधिक मजबूत बनाने संबंधी जानकारी देते हुये मज़बूती से सभी बीएलए-2 को अपनी भूमिका का निर्वहन करने को कहा गया। इस अवसर पर इन सभी ग्रामों के सभी बीएलए-2 साथी से संपर्क करते हुये, अपनी-अपनी पोलिंग पर मुस्तेदी के साथ कार्य करने को कहा।

श्री गुजराती द्वारा गांव-गांव, पोलिंग-पोलिंग पहुंचकर समीक्षा करने से आगामी संगठनात्मक दायित्वों में नई ऊर्जा, दिशा और मजबूती प्रदान करेगा। कांग्रेस की विचारधारा को बूथ स्तर तक सशक्त बनाने के लिए हम सभी निरंतर प्रतिबद्ध हैं।

### कृष्णा ट्रॉफी 2025: काका लायंस ने कृष्णा ब्लास्टर को छह विकेट से हराया

**सीहोर**। बीएसआई मैदान पर कृष्णा ट्राफी 2025 का आयोजन किया जा रहा है, शनिवार को खेले गए एक मुकाबले में काका लायंस ने कृष्णा ब्लास्टर को छह विकेट से हराया। इस मैच में हितेश ने 45 गेंद पर 47 रन की विस्फोटक पारी खेली। डीसीए के मीडिया प्रभारी प्रियांशु दीक्षित ने बताया कि सुबह बल्लेबाजी करने उतरी कृष्णा ब्लास्टर की पूरी टीम 24 ओवर में 10 विकेट खोकर 107 रन बनाए थे। इसमें भविष्य त्यागी ने 15 रन, विकास सास्ता ने 26 रन, कमलेश पारोचे ने 19 रन और कनक ने 11 रन की पारी खेली। वहीं काका लायंस की ओर से गेंदबाजी करते हुए विशांक शिंदे ने तीन विकेट, आदर्श राय ने दो विकेट, हेमंत चौरसिया, अनुज पटेल, दीपेश सेन, केशवादित्य गोहिया ने एक-एक विकेट हासिल किया।

हरिभूमि

जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा

## सांत्वना पुरस्कार विजेताओं के नाम

**रायपुर संस्करण** - (1) चन्द्रकला पटेल पिता\पति-परस राम पटेल पता - गोपिया पारा पुरानी बस्ती, (2) कान्त तिवारी पिता\पति- स्व.राम कृष्ण तिवारी पता - 248 समता कॉलोनी रायपुर, (3) तम्मंत पटेल पिता\पति लक्ष्मीकान्त पटेल पता – रायपुर, (4) भारती चंद्राकर पिता\पति दीपक चंद्राकर पता - शिव विहार कॉलोनी संतोषी नगर रायपुर, (5) अनिल जनबंधु पिता\पति-स्व. कुंडलिक जनबंधु पता- बड़ा अशोक नगर गुढ़ियारी रायपुर, (6) लक्ष्मीकान्त वैष्णव पिता\पति संतोष कुमार वैष्णव पता - रायपुरा रायपुर ,(7) चन्द्रकला पिता\पति संतोष कुमार साहू पता - कुरूद रावाभाटा बिरगांव , (8) पुलकित कुमार साहू पिता\पति पवन कुमार साहू पता - शहीद नगर बिरगांव, (9) सूर्यकांत साठे पिता\पति -प्रकाश राव साठे पता - अश्वनी नगर रायपुर, (10) लोकेश कुमार वर्मा पिता\पति-हेमू राम वर्मा पता - तरपोंगी रायपुर, (11) पार्थिव धुवारे पिता\पति ओम प्रकाश धुवारे पता- इंद्रा नगर भिलाई, (12) निशा यादव पिता\पति केशव यादव पता- प्रेम नगर सिकोलाभाठा दुर्ग, (13) रौनक सिंह राजपूत पिता\पति युवराज सिंह राजपूत पता-दुर्गा चौक दीपक किराना स्टोर शंकर नगर दुर्ग, (14) हर्ष राजपूत पिता\पति कौशल सिंह राजपूत पता-बजरंग नगर दुर्ग, (15) वेदांश तम्बोली पिता\पति खुशाल तम्बोली पता - गणेश पान मंदिर इंदिरा मार्केट, (16) चेतन देवांगन पिता\पति ओम प्रकाश देवांगन पता-गायत्री मंदिर दुर्ग, (17) राकेश कुमार यादव पिता\पति राजू यादव पता- गणेश चौक ए.सी.सी. जामुल, (18) आशीष शर्मा पिता\पति राजेंद्र शर्मा पता-बापू नगर खुर्शिपार भिलाई, (19) पोषण देवांगन पिता\पति कमलबी देवांगन पता- खुर्शिपार भिलाई, (20) नीमा साहू पिता\पति केशव साहू पता - सेलूद भिलाई , (21) हेमलता साह पिता\पति दाऊ लाल साहू पता - बेलर, (22) आदित्य यदु पिता\पति आनंद मधु यदु पता- छाती धमतरी, (23) लोकेश कुमार उपाध्याय पिता\पति स्व. राधे प्रसाद उपाध्याय पता- आमा तालाब रोड गौरा चौरा के पास धमतरी, (24) पारख प्रकाश साहू पिता\पति फल्लेश साहू पता-बोडरा स धमतरी, (25) रोहित तिवारी पिता\पति राधेश्याम तिवारी पता -राजनादगांव, (26) साधना ठाकुर पिता\पति केसव सिंह पता-डोंगरगढ़, (27) हेजल साहु पिता\पति मेषकुमार साहु पता - टेड़ेसरा, (28) शोभा राम देवांगन पिता\पति सेवा राम देवांगन पता-बेमेतरा, (29) अनिषा भगत पिता\पति धनमोहन भगत पता-जेल लाइन कांकेर, (30) डीपेश कुमार सेन पिता\पति गौकरण कुमार सेन पता-नवागांव, (31) मिनाक्षी सुधाकर वाकचौके पिता\पति सुधाकर वाकचौके पता-शांति नगर जगदलपुर, (32) शकीला परवीन पिता\पति मोहम्मद परवीन पता-रायपुर(पिथोरा), (33) प्रीति साहू, पिता\पति राम साहू पता-कवर्धा, (34) अखिलेश कुमार यादव पिता\पति सोहनलाल यादव पता-सिविल लाइन षष्ठी मंदिर के पास, (35) भगवती प्रसाद पिता\पति रामचरण प्रसाद पता-कोंडागांव। **बिलासपुर संस्करण** - (36) अनंदिता सूर्यवंशी, पिता का नाम अशोक सूर्यवंशी पता-राजीव गांधी चौक जरहाभाठा बिलासपुर, (37) काब्या पटेल, पिता- मोहन पटेल पता- छोटी कोनी बिलासपुर, (38) अशोक कुमार देवांगन, पिता- केदारनाथ देवांगन, पता – कुम्हारपारा करबला रोड, बिलासपुर (39) अपूर्वा कौशिक पिता- दिलीप कौशिक पता-यदुनंदन नगर तिफरा, बिलासपुर (40) आयुष्मान मिश्रा, पिता - केशव कुमार मिश्रा पता– राजकिशोर नगर, – बिलासपुर (41) केदार नाथ श्रीवास, पिता–बहोरन लाल श्रीवास, – बिलासपुर पता - महिर्ष स्कूल रोड मंगला बिलासपुर, (42) मंजू बंजारे, पिता– संतोष कुमार बंजारे पता - मिनी माता नगर तेलीपारा बिलासपुर, (43) सुरेखा गुप्ता, पिता – स्व. रामकुमार गुप्ता पता– सरकंडा कपिल नगर बिलासपुर, (44) अशोक कुमार कौशिक पिता– स्व.श्री बी.आर.कौशिक, पता – ओम नगर जरहाभाठा बिलासपुर, (45) इरम परवीन, पिता– शेख शरीफ, पता बिलासपुर कुदुदण्ड, (46) किशोर कुमार त्रिवेदी पिता–स्व.ए.के.त्रिवेदी, पता – बिलासपुर, (47) श्रीमती रानी मिश्रा, पिता–स्व.सुधीर चंद्र मंडल, पता – फ्रेंड्स रेसीडेंसी सरकंडा, बिलासपुर, (48) प्राची गंधर्व, पिता– कृष्णा गंधर्व, पता- न्यूज़ सरकंडा जबरापारा, बिलाासपुर (49) नवीन पटेल, पिता–भैयाराम पटेल, पता – अभिषेक बिहार फेस-2 मंगला, बिलासपुर (50) नारद कुमार विश्वकर्मा, पिता– श्री राम सिंह, पता – नूतन चौक बिलासपुर, (51) दुष्यंत देवांगन, पिता–हरनारायण देवांगन, पता – मातृ छाया होस्टल बिलासपुर, (52) राजकुमार खरे पिता– स्व.मुन्नालाल खरे पता – साईं बिहार कॉलोनी मोपका, बिलासपुर (53) कल्याणी साहू पिता–जगदेव साहू पता – सकरी, बिलासपुर (54) सोम्य साहू, पिता– दीपक कुमार पता – सकरी, बिलासपुर (55) धनीराम टंडन पिता–स्व.बजारू टंडन पता – तालापारा बिलासपुर, (56) चित्रलेखा यादव, श्री श्यामलाल यादव, पता – शांति नगर सकरी, बिलासपुर (57) शाजी थामस पिता– स्व.सी.पी.थॉमस पता – बिलासपुर, (58) गुंजन साहू, पिता–दिलेश कुमार साहू, पता हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी परसदा, जिला–बिलासपुर। **भोपाल संस्करण** - (59) समिक्षा जैन पिता\पति सुभाष जैन पता-बैरसिया, (60) आयशा बी पिता\पति मुईन पता- बैरसिया, (61) चरण सिंह पिता\पति रामनारायण पता- मकान नं 13 ग्राम चंदेरी बैरसिया रोड, (62) नेहा विश्वकर्मा पिता\पति - विश्वकर्मा नगरकरोदभोपाल, (63) ज्योति बंजारा पिता\पति विजय सिंह पता-बंजारा बड़ी उकावद गुना, (64) अमिता पिता\पति उदित गौर पता-वार्ड न 17 तवा कॉलोनी हरदा, (65) साधना गौर पिता\पति रविशंकर गौर पता- तवा कॉलोनी हरदा, (66) विराज घाटे पिता\पति कपिल घाटे जोशी कॉलोनी हरदा, **जबलपुर संस्करण** - (67) आस्था अग्रवाल पिता\पति विजय अग्रवाल पता-कांचघर चौक संजय गांधी बोर्ड घमापुर, (68) हर्ष नाईक पिता\पति नरेश नाईक पता-शिवनगर रेलवे क्रॉसिंग के पास गढ़ा जबलपुर, (69) राजेंद्र सोनकर पिता\पति नारायण प्रसाद सोनकर पता-मोहनी होम्स बिलहरी, (70) मान्यता अहिरवार पिता\पति राजेंद्र अहिरवार पता-ग्वारीघाट रोड, (71) यश नाईक पिता\पति नरेश नाईक पता-शिवनगर रेलवे क्रॉसिंग के पास गढ़ा जबलपुर, (72) अंजना नायक पिता\पति वीरेंद्र नायक पता- पंडित नेहरू वार्ड क्रमांक 8 बाजार मोहल्ला पाटन, (73) वंश यादव पिता\पति राजेश यादव पता-गुरु मोहल्ला पाटन जबलपुर, (74) मयंक मेहरा पिता\पति मिथिलेश कुमार पता-मेहरा पाटन।

नियम एवं शर्तें लागू*

शेष विजेताओं की सूची के लिये पढ़ते रहिए हरिभूमि

### एनसीसी दिवस पर नगर में निकाली गई रैली

# रैली निकाल स्वच्छात के प्रति किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर




रविवार को एनसीसी इकाई शासकीय उत्कृष्ट उमावि क्रमांक 1, सीहोर में एनसीसी दिवस मनाया गया। एनसीसी ऑफिसर सविता ठाकुर के मार्गदर्शन में संस्था के 143 एनसीसी कैडेट्स ने सहभागिता कर कार्यक्रम को सफल बनाया। कैडेट्स ने स्वच्छ भारत अभियान के अंतर्गत शहर के मुख्य मार्ग एवं संस्था परिसर की साफ़ सफाई कर विद्यालय परिसर को सदैव स्वच्छ एवं हरा भरा बनाए रखने हेतु संकल्प लेकर एनसीसी के ध्येय वाक्य एकता और अनुशासन को सार्थक किया।

साथ ही भाषण, पोस्टर प्रतियोगिता के अंतर्गत देशभक्ति एवं एनसीसी के योगदान से संबंधित पोस्टर्स बनाए और एनसीसी ऑफिसर और कैडेट्स द्वारा संस्था परिसर में पौधरोपण कर किया गयाI कार्यक्रम में संस्था की एनसीसी अधिकारी सविता ठाकुर, आई.टी. इन्स्ट्रक्टर अमित जैन और 143 एनसीसी कैडेट्स उपस्थित रहे। उपस्थित कैडेट्स को संबोधित करते हुए संस्था की एनसीसी अधिकारी सविता ठाकुर ने एनसीसी गतिविधियों में अनुशासन, एकता और टीम वर्क के महत्व पर जोर दिया। जो एनसीसी प्रशिक्षण के मूल सिद्धांतों को दर्शाता है। साथ ही फिटनेस और स्वस्थ जीवन के महत्व को बताते हुए एनसीसी प्रशिक्षण से प्राप्त विभिन्न कौशल को अपनी दिनचर्या का अभिन्न अंग बनाने पर जोर दिया है। सभी एनसीसी कैडेट्स ने देशभक्ति और अनुशासन के प्रति अपने समर्पण का प्रदर्शन करते हुए, अपार उत्साह और जोश के साथ समारोह में भाग लिया।

खबर संक्षेप



## विंध्याचल स्कूल बना क्रिकेट चैंपियन

**देवास।** अंडर 17 सीबीएसई इंटर स्कूल देवास सहोदय क्रिकेट प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला 20 नवंबर 2025 को सरदाना इंटरनेशनल स्कूल में सम्पन्न हुआ। यह प्रतियोगिता पिछले 7 दिनों से जारी थी, जिसमें कुल 10 स्कूलों ने भाग लिया। फाइनल मैच विंध्याचल अकादमी और सरदाना इंटरनेशनल स्कूल के बीच खेला गया। टॉस जीतकर सरदाना की टीम ने विंध्याचल को बल्लेबाजी का अवसर दिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए विंध्याचल ने 15 ओवर में 3 विकेट के नुकसान पर 128 रन का मजबूत लक्ष्य रखा। जवाब में उतरी सरदाना की टीम निर्धारित लक्ष्य तक नहीं पहुँच सकी और 108 रन पर ऑल आउट हो गई। इस तरह विंध्याचल स्कूल ने शानदार जीत दर्ज करते हुए खिताब पर कब्जा जमाया। प्रतियोगिता में 10 सीबीएसई स्कूल सरदाना इंटरनेशनल, विंध्याचल अकादमी, सेंट्रल इंडिया अकादमी, एबेनेजर स्कूल, सेंट थॉम अकादमी, सेंट एनेटोनी सोनकच्छ, सरस्वती स्कूल, पायनियर स्कूल देवास आदि शामिल हुए।

## विद्यालय में शिक्षण व खेल सामग्री की भेंट

**देवास।** जिले के प्राथमिक माध्यमिक विद्यालयों की मूलभूत सुविधाएं बढ़ाए जाने के उद्देश्य में सन फार्मास्यूटिकल इंडस्ट्रीज लिमिटेड, देवास के सीएसआर कार्यक्रम द्वारा महारानी चिमनाबाई शासकीय कन्या माध्यमिक विद्यालय, देवास में फर्नीचर, स्पोर्ट्स किट, आरओ .वाटर कूलर, स्पोर्ट्स प्लेग्राउंड, कंप्यूटर लैब वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

### भैरूंदा में विवाह समारोह बने जाम का कारण

# मैरिज गार्डनों की मनमानी: दो किमी लंबा जाम, दूल्हा-बाराती और एंबुलेंस भी फंसी

नगर की मुख्य सड़क पर दो घंटे तक थमा रहा जीवन, शुभ मुहूर्त भी निकल गए।

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरूंदा



नगर की मुख्य इंदौर रोड शनिवार शाम विवाह आयोजनों की अव्यवस्था की भेंट चढ़ गई। शहर में एक साथ चल रहे करीब एक दर्जन विवाह समारोहों के कारण मुख्य सड़क पर करीब दो किलोमीटर लंबा भीषण जाम लग गया। जिन मैरिज गार्डनों में ये समारोह आयोजित हो रहे थे, वहां पार्किंग की कोई समुचित व्यवस्था नहीं थी, जिसके चलते बाराती और विवाह में आए मेहमानों ने वाहन मुख्य सड़क पर ही खड़े कर दिए। इससे सड़क संकरी हो गई और यातायात पूरी तरह ठप पड़ गया। शाम करीब 6:30 बजे से रात 8:30 बजे तक हालात बेकाबू बने रहे। चारों ओर वाहनों की लंबी-लंबी कतारें, हॉर्न की आवाजें, परेशान लोग और सड़कों पर अफरा-तफरी का माहौल बना रहा। हालत यह हो गए कि दूल्हे की गाड़ी तक समय पर विवाह स्थल नहीं पहुंच सकी और कई शादियों के शुभ मुहूर्त निकल गए।

### एंबुलेंस भी फंसी, मरीज की हालत बिगड़ी

जाम की गंभीरता का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि एक मरीज को अस्पताल ले जा रही एंबुलेंस भी जाम में फंस गई। कई बार रास्ता देने की कोशिश की गई, लेकिन दोनों ओर खड़े वाहनों के कारण एंबुलेंस आगे नहीं बढ़ सकी। बाद में पुलिस और स्थानीय नागरिकों ने मिलकर मुश्किल से रास्ता बनवाया, तब जाकर एंबुलेंस आगे बढ़ सकी। इस दौरान मरीज के परिजनों की चिंता और बेचैनी साफ दिखाई दे रही थी।

### बिना पार्किंग कैसे मिल रही अनुमति? — नागरिकों के सवाल

स्थानीय निवासियों का साफ कहना है कि मैरिज गार्डन संचालक लाखों रुपए में शादियों की बुकिंग लेते हैं, लेकिन पार्किंग जैसी बुनियादी सुविधा तक उपलब्ध नहीं करवाते। जब एक साथ कई समारोह होते हैं, तो सैकड़ों वाहन सड़क पर आ जाते हैं, जिससे आम नागरिक, स्कूली बच्चे, व्यापारी, मरीज और राहगीर परेशान हो जाते हैं। लोगों का आरोप है कि नगर में अधिकतर मैरिज गार्डन नियमों को ताक पर रखकर संचालित किए जा रहे हैं। इन मैरिज गार्डनों में न तो पार्किंग के लिए पर्याप्त जमीन है और न ही कोई ट्रैफिक प्लान बनाया जाता है।



### डीजे प्रतिबंध के बावजूद गूंजता रहा शोर

स्थिति और भी बिगड़ गई जब शासन द्वारा डीजे पर लगाए गए प्रतिबंध के बावजूद कई गार्डनों में तय मापदंड के बाद भी तेज आवाज में डीजे बजता रहा। इससे ध्वनि प्रदूषण फैला और आसपास के रहवासी इलाकों में बुजुर्ग, छोटे बच्चे और मरीज परेशान होते रहे।

### पुलिस ने दो घंटे में खुलवाया जाम

करीब दो घंटे बाद पुलिस बल मौके पर पहुंचा और स्थानीय लोगों की मदद से धीरे-धीरे जाम हटाया गया। कई वाहनों को हटवाकर रास्ता साफ कराया गया, तब जाकर यातायात सामान्य हो सका। लेकिन तब तक सैकड़ों लोग मानसिक और शारीरिक रूप से परेशान हो चुके थे और कई जरूरी काम ठप पड़ चुके थे।

### प्रशासन से प्रमुख मांगें

- सभी मैरिज गार्डनों में अनिवार्य पार्किंग व्यवस्था लागू हो
- नियम तोड़ने वाले संचालकों पर भारी जुर्माना व कार्रवाई
- बिना पार्किंग वाले गार्डनों की अनुमति / लाइसेंस रद्द किए जाएं
- विवाह आयोजनों से पहले ट्रैफिक और पार्किंग प्लान अनिवार्य किया जाए
- डीजे प्रतिबंध का सख्ती से पालन कराया जाए

नगरवासियों का कहना है कि यदि अब भी सख्ती नहीं की गई, तो आने वाले दिनों में स्थितियां और खराब होंगी, क्योंकि विवाह का सीजन अभी जारी है।

### बैठक में लेंगे निर्णय:एसडीएम

इस मामले में एसडीएम सुधीर कुशवाहा ने कहा कि सभी मैरिज गार्डन संचालकों और डीजे संचालकों के साथ शीघ्र बैठक आयोजित की जाएगी। उन्हें स्पष्ट निर्देश दिए जाएंगे कि वे अनिवार्य रूप से पार्किंग व्यवस्था करें और डीजे प्रतिबंध का पालन करें। नियमों की अनदेखी करने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। एसडीएम के इस बयान से अब लोगों को उम्मीद जगी है कि प्रशासन इस दिशा में ठोस कदम उठाएगा।

## यात्री प्रतीक्षालय घोटाले की शिकायत पर जिपं. सीईओ ने लिया संज्ञान, सचिव को थमाया नोटिस



हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

जिला मुख्यालय के पास और राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा के विधानसभा क्षेत्र इछावर में आने वाली ग्राम पंचायत धनखेड़ी में सरपंच और सचिव की मनमानी इस कदर हावी है कि ग्रामीण नारकीय जीवन जीने को मजबूर हैं। सार्वजनिक संपत्ति के दुरुपयोग, गंभीर वित्तीय अनियमितताओं और मूलभूत सुविधाओं की अनदेखी की शिकायत मिलने के बाद जिला पंचायत सीईओ ने मामले का संज्ञान लिया है और ग्राम पंचायत सचिव को नोटिस जारी कर दिया है।

जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी के कार्यालय से जारी पत्र क्रमांक 6051 के अनुसार ग्रामवासियों की ओर से सरपंच एवं सचिव ग्राम पंचायत धनखेड़ी के खिलाफ शिकायत प्राप्त हुई है। सीईओ ने ग्राम पंचायत सचिव को शिकायत से संबंधित प्रतिवेदन और समस्त रिकॉर्ड के साथ 3 दिसंबर को उपस्थित होने के निर्देश दिए हैं।

### अति की भी अति मूलभूत सुविधाएं ठप

ग्रामीणों ने जिला पंचायत सीईओ को दी गई शिकायत में स्पष्ट कहा है कि पंचायत पदाधिकारियों ने 'अति की भी अति' कर दी है। बारिश खत्म होने के बावजूद ग्राम धनखेड़ी की सडक़ें अभी भी घरों से निकलने वाले गंदे पानी और कीचड़ से सनी हुई हैं, जिससे गांव में बीमारी फैलने का खतरा बढ़ गया है। ग्रामीणों का आरोप है कि नाली निर्माण का दावा कर बिल पास कराने की कोशिश की जा रही है, जबकि मौके पर कोई नाली बनी ही नहीं है। सार्वजनिक सुविधा के लिए लगाया गया सरकारी हैंडपंप तक लोगों ने अपने घरों की बाउंड्री में पहुंचा दिया है।

### घोटाले के साक्ष्य मिटाने की कोशिश

सरपंच-सचिव राज में वित्तीय अनियमितताओं की पराकाष्ठा तो तब सामने आई, जब ग्रामीणों ने 'यात्री प्रतीक्षालय घोटाला' की शिकायत की। ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि एक 10 वर्ष पुराना और अच्छी स्थिति वाला यात्री प्रतीक्षालय सरपंच और सचिव ने अवैध रूप से किसी व्यक्ति को बेच दिया। जब इस अवैध बिक्री की शिकायत 181 हेल्पलाइन पर की गई तो मामला खुलने के डर से पंचायत पदाधिकारियों ने प्रतीक्षालय को आनंद फानन में जर्जर घोषित कर तुड़वा दिया, ताकि साक्ष्य मिटाए जा सकें।

### मंत्री करण सिंह वर्मा से लगाई गुहार

ग्रामीणों का कहना है कि ग्राम पंचायत में काम पूरी तरह मनमाने तरीके से चल रहा है, ग्राम सभा की बैठकों की जानकारी नहीं दी जाती और फर्जी हस्ताक्षर से प्रस्ताव पारित किए जाते हैं। 2023 के चुनाव में उत्साह से राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा को जिताने वाले ग्रामीणों ने अब उनसे गुहार लगाई है कि वे तत्काल संज्ञान लेते हुए इस पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराएं और दोषियों पर कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित करें।

# कथा में शिव प्रसंगों के माध्यम से श्रद्धालुओं को शिवभक्ति करने के लिए किया प्रेरित

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

चाणक्यपुरी में माँ राजराजेश्वरी माता मंदिर समिति द्वारा शिव परिवार,शीतला माता और हनुमानजी महाराज की प्रतिमाओं की स्थापना के लिए प्राण प्रतिष्ठा एवं संगीतमय शिव महापुराण कथा का आयोजन कराया जा रहा है। कार्यक्रम में पहुंचकर श्रीमति अरूणा सुदेश राय ने बाबा महाकाल की विधिवत पूजा अर्चना की और श्रद्धालुजनों के साथ बैठकर कथा का श्रवण किया। श्रद्धालुओं को प.रविन्द्राचार्य शर्मा के द्वारा शिव महापुराण कथा का श्रवण कराया जा रहा है। देव प्रतिमा प्राण प्रतिष्ठा विधि पंडित सुनील शर्मा,पंड़ित अखिलेश शास्त्री, पंडित वीरेंद्र शास्त्री, पंड़ित अनमोल शास्त्री के द्वारा शास्त्रोनुसार कराई जा रही है। कार्यक्रम के तीसरे दिन शनिवार को प.रविन्द्राचार्य शर्मा ने विभिन्न शिव कथा प्रसंगों के माध्यम से



श्रद्धालुओं को शिवभक्ति करने के लिए प्रेरित किया। शिव भजन सुनकर श्रद्धालुजन भाव विभोर होते रहे। शिवमहापुराण कथा का वाचन प्रतिदिन दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक किया जा रहा है। पूर्ण आहुति एवं भण्डारा का आयोजन बुधवार 26 नवंबर को दोपहर में किया जाएगा।

# प्राण-प्रतिष्ठा का एक वर्ष पूर्ण: निकाली भव्य निशान यात्रा मंदिर समिति ने 11 जोड़ों का कराया नि:शुल्क विवाह

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

इंदौर भोपाल हाईवे स्थित आस्था का केंद्र बना खाटू श्याम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा को 1 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में 21 एवं 22 नवंबर को भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमे 21 नवंबर को शहर में भव्य निशान यात्रा निकाली गई जो मनकामेश्वर मंदिर से प्रारंभ हुई जो कोतवाली चौराहे इंग्लिशपुरा से होते हुई मंदिर पहुंची। भव्य निशान यात्रा का शहर के विभिन्न स्थानों पर भव्य स्वागत किया गया। दूसरे दिन 22 नवंबर को 11 जोड़ो का निशुल्क विवाह सम्मेलन का आयोजन मंदिर समिति की और से किया गया जिसमे 11 जोड़ो ने बाबा श्याम के दरबार में विवाह किया विवाह मंदिर समिति की और से निशुल्क कराया गया सभी 11 जोड़ो ने विवाह कर बाबा श्याम का आशीर्वाद लिया इसी क्रम में खामखेड़ा वाले बाबा का आशीर्वाद भी सभी जोड़ो ने लिया।



इसके साथ शाम को भव्य भजन संध्या का आयोजन मंदिर परिसर में किया गया और विशाल भंडारे का आयोजन भी किया गया जिसमे हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसादी ग्रहण की। जानकारी देते हुए कार्यक्रम अध्यक्ष ऋषि सोलंकी ने बताया कि दो दिवसीय आयोजन को लेकर काफी समय से मंदिर समिति एवं सदस्यों द्वारा तैयारियाँ चल रही थी। खाटू श्याम मंदिर के प्रमुख संरक्षक प्रमुख संरक्षक विवेक राठौर के मार्गदर्शन एवं खाटू श्याम मंदिर संस्थापक कार्यक्रम अध्यक्ष ऋषि सोलंकी के अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर समिति की ओर से समिति अध्यक्ष जगदीश सोलंकी, समिति संरक्षक मांगीलाल सोलंकी, समिति उपाध्यक्ष दिनेश सोलंकी, समिति सचिव ओमप्रकाश सोलंकी, समिति कोषाध्यक्ष मनीष सोलंकी, समिति सह सचिव महेश सोलंकी ,समिति सह कोषाध्यक्ष सुरेश सोलंकी, समिति सदस्य यश सोलंकी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के सफल आयोजन को लेकर मंदिर संस्थापक एवं कार्यक्रम अध्यक्ष ऋषि सोलंकी ने सभी शहर वासियों का आभार व्यक्त किया।

## डॉ. चतुर्वेदी प्रदेश की गंगा समिति में विशेषज्ञ सदस्य नामांकित

**देवास।** अमृत संचय अभियान के प्रणेता,और जाने-माने जल विशेषज्ञ डॉ. सुनील चतुर्वेदी को मप्र शासन ने बड़ी जिम्मेदारी दी है। गंगा की सहायक नदियों को सदानीरा और स्वच्छ बनाने के लिए बनाई गई विशेषज्ञ समिति में उन्हें जल संरक्षण की दिशा में कार्य करने के लिए नामांकित किया गया है। प्रदेश में प्रवाहित गंगा की सहायक नदियों में जल का सतत पर्याप्त प्रवाह सुनिश्चित करने एवं उनमें प्रदूषण की रोकथाम, नियंत्रण एवं उपशमन के लिए राज्य शासन ने मुख्य सचिव की अध्यक्षता में "राज्य गंगा समिति मध्यप्रदेश में 5 विशेषज्ञ सदस्य नामांकित किये गये है।

## फर्स्ट डिवीजन पास होने पर थाना प्रभारी कटारे करेंगी बच्चों को सम्मानित

**भौरासा।** स्वामी विवेकानन्द कॉन्वेंट स्कूल, नराना में भौरासा थाना प्रभारी प्रीति कटारे द्वारा बालक बालिकाओं के लिए सेमिनार आयोजित किया गया, जिसके चलते थाना प्रभारी ने विशेषकर बालिकाओं से वाहन में आने-जाने में आने वाली समस्याओं के बारे में जानकारी ली और साथ ही थाना प्रभारी ने कहा कि यदि भविष्य में किसी भी प्रकार की समस्या आए तो टीचर्स या मुझे बेझिझक बताए जिसका समाधान तुरंत किया जाएगा। थाना प्रभारी प्रीति कटारे ने कहा कि यदि कोई परीक्षा में फैल होता हैं, तो वह निराश होकर कोई गलत कदम न उठाएं।

### दर्दनाक हादसे के बीच मानवता की मिसाल, सीपीआर देकर हॉस्पिटल पहुंचाया

# दो भाइयों ने दिखाई बहादुरी, दो की बचाई जान

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

विकास नगर ब्रिज पर शुक्रवार देर रात हुए भीषण सडक़ हादसे में जहाँ अधिकांश लोग घटनास्थल से दूरी बनाए हुए थे, वहीं देवास के दो भाइयों अनुज प्रजापति और रोहित प्रजापति ने अद्वितीय साहस और मानवता का परिचय देते हुए घायलों की मदद के लिए आगे कदम बढ़ाए। विकास नगर ब्रिज पर दुर्घटना में दो युवक गंभीर रूप से घायल होकर सडक़ पर पड़े थे। उसी दौरान वहाँ से गुजर रहे अनुज और रोहित प्रजापति ने स्थिति को समझते हुए तुरंत सहायता का जिम्मा संभाला। दोनों ने एक ऑटो की मदद लेकर घायलों को जिला चिकित्सालय पहुँचाने का निर्णय लिया।चलते ऑटो में रुकी साँसें, अनुज ने दिया 'जीवनदान' अस्पताल की ओर ले जाते समय एक घायल की साँसें अचानक थमने लगीं।

यह देखकर अनुज प्रजापति ने बिना समय गंवाए तुरंत सीपीआर देना शुरू कर दिया। उनकी तत्परता और सही तरीके से दिए गए सीपीआर के कारण घायल युवक की साँसें फिर से चल पड़ीं और उसकी जान बच गई।

### रोहित ने संभाला ट्रैफिक, बनाया रास्ता

इस बीच हादसे के कारण ब्रिज पर लंबा जाम लग गया था, जिससे घायलों को अस्पताल पहुंचाना मुश्किल हो रहा था। ऐसे में रोहित प्रजापति ने मौके पर ट्रैफिक संभाला, लोगों को शांत



किया और रास्ता सुचारू करवाया, जिससे घायलों को जल्द से जल्द अस्पताल पहुंचाया जा सका। मानवता की नई मिसाल बने अनुज और रोहित दोनों भाइयों की यह तत्परता और साहसिक कदम मानवता की अनूठी मिसाल साबित हुए। जहां अनुज ने अपनी ट्रेनिंग व हिम्मत से घायल को नई जिंदगी दी, वहीं रोहित ने अपनी सूझबूझ से समय पर चिकित्सा सहायता सुनिश्चित करवाई। दोनों घायलों को जिला चिकित्सालय में प्राथमिक उपचार के बाद इंदौर रेफर किया गया है। जानकारी के अनुसार, एक की हालत गंभीर बनी हुई है जबकि दूसरा अब खतरे से बाहर बताया जा रहा है।

# योग करें रोग भगाएं और स्वस्थ जीवन अपनाएं: विवेक राठौर



हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

सीहोर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजीव गुजराती के निर्देश अनुसार सीहोर के न्यू बस स्टैंड सीहोर स्थित नेहरू पार्क में सरदार वल्लभभाई पटेल की 150 वीं यंती के अवसर सात दिवसीय योग शिविर योगाचार्य सुरेश बाबू राठौड़ जी के मार्गदर्शन में चलने वाले इस शिविर का नेता प्रतिपक्ष विवेक राठौर ने सरदार वल्लभभाई पटेल जी के चित्र पर फूल माला पहनकर योग शिविर का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि योग दिवस केवल एक दिन का उत्सव नहीं, बल्कि एक संकल्प है-स्वस्थ शरीर, शांत मन और संतुलित जीवन की ओर बढ़ने का। आधुनिक जीवन की भागदौड़ में जो न केवल रोगों से बचाता है, बल्कि मन को भी शांत रखता है। हमें चाहिए कि हम रोज योग करें और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करें, ताकि हम एक स्वस्थ और सुखी समाज का निर्माण कर सकें। इसलिए योग करें, रोग भगाएं और और स्वस्थ जीवन अपनाएं ।इस अवसर पर शिविर के योगाचार्य सुरेश बाबू राठौड़ जी ने योग के बारे में विस्तार से बताते हुए कहा कि योग का नियमित अभ्यास हमें कई तरह से फायदा पहुंचाता है। यह हमारे शरीर को लचीला और मजबूत बनाता है, जिससे हम दिन-भर के कामों को आसानी से कर पाते हैं। साथ ही, यह हमारी एकाग्रता को बढ़ाता है और मन को शांत रखता है, जिससे तनाव और चिंता कम होती है। आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में, जहाँ बीमारियाँ आम हो गई हैं, योग हमें स्वस्थ रहने में मदद करता है। रोज़ाना योग करने से ब्लड प्रेशर, शुगर, हृदय रोग और मोटापे जैसी कई जीवनशैली से जुड़ी बीमारियों को कंट्रोल किया जा सकता है। इस अवसर परजुगल किशोर त्यागी, सुनील दुबे, ओम बाबा राठौर, नरेंद्र खंगराले, के के रिछारिया, भगत सिंह तोमर, विनीत गोयल, संतोष मालवीय, जितेंद्र भाटी, मांगीलाल प्रजापति, रेनू, सार्थक मालवीय आदि उपस्थित थे।

### आरोपियों के पास से 16 लाख नकदी सहित 26 लाख का माल जब्त

# 5 राज्यों के कई किसानों से करोड़ों ठगी करने वाले 14 आरोपी गिरफ्तार

## किसानों को विश्वास में लेकर देते थे झांसा, सभी आरोपी उत्तरप्रदेश से रखते हैं ताल्लुक




हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

जिला पुलिस के हाथ बड़ी सफलता हाथ लगी है। भोले-भाले किसानों का विश्वास जीतकर उनके साथ करोड़ों की ठगी करने वाले अंतरराज्यीय ठग गिरोह को पुलिस ने काफी प्रयासों के बाद पकड़ा है। पुलिस ने आरोपियों के पास से करीब 16 लाख रुपए नकद सहित कार, मोबाइल इत्यादि मिलाकर कुल 26 लाख रुपए का माल जब्त किया है। इस गैंग ने साल 2024 में मप्र के राजगढ़ समेत खंडवा, सीहोर, विदिशा, शाजापुर जिलों में कृषि से जुड़ी फर्जी कंपनी खोलकर किसानों को झांसे में लेकर लालच दिया और बाद में सभी रफू-चक्कर हो गए। पुलिस अधीक्षक अमित तोलानी ने शनिवार शाम स्थानीय पुलिस कन्ट्रोल रूम में प्रेसवार्ता आयोजित कर पूरे मामले पर विस्तार से प्रकाश डाला।

### यह गैंग ऐसे फंसाती थे किसानों को

इस गैंग के सदस्य गांव-गांव जाकर किसानों से संपर्क करते। बाकायदा उन्हें अपना फर्जी आधार कार्ड आदि दिखाते और सरकारी योजनाओं जैसा माहौल बनाकर भरोसा जीत लेते थे। किसानों को पौधे उपलब्ध करवाकर उनके यहां काम भी करते और बाद में किसानों से कुछ नकदी लेते और खेत में गोदाम बनाकर फिर हर महीने 50 हजार रुपए का किराया देने का वादा करते थे। 2-3 महीने में किसानों का इतना भरोसा जीत लेते थे कि वो इनके झांसे में आ जाते और फर्जी खातों व नकद राशि ट्रांसफर कर दिया करते थे। इस तरह 3-4 महीने तक सक्रिय रहने के बाद पूरी गैंग अचानक ऑफिस, किराए के कमरे आदि छोड़कर भाग जाया करती थी। आरोपियों ने अपनी पहचान मिटाने की रणनीति ऐसी बनाई थी अलग नाम, अलग मोबाइल नंबर, फर्जी सिम, फर्जी आधार सभी कुछ नकली रहता था। किराए के वाहन उपयोग करते थे ताकि ट्रेस भी न हो पाए।



### कुछ किसानों की शिकायत के बाद सक्रिय हुई पुलिस

किसानों से राशि लेकर भागने बाद नरसिंहगढ़ क्षेत्र के कुछ किसान सामने आए जिन्होंने लिखित शिकायत दर्ज करवाई। पुलिस ने इसे गंभीरता से लेते हुए टीम बनाई और सायबर सेल, मुखबिर तंत्र सहित अन्य विवेचनाओं के उपरान्त अंततः मुख्य सरगना सहित इन सभी 14 आरोपियों को उत्तर-प्रदेश के अलग-अलग स्थानों से धर-दबोचा। एसपी तोलानी के अनुसार राजगढ़ जिले में करीब 20 लाख की ठगी इनके द्वारा की गई वहीं जिस बैंक एकाउन्ट का पता लगा है उसमें 1 करोड़ 34 लाख के लगभग का ट्रांजक्शन मिला है।

### ये हैं करोड़ों हड़पने वाले 14 ठग

गिरफ्तार आरोपियों में गैंग का मुख्य सरगना दीपक पांडे निवासी चंडेरिया गोरखपुर, धनंजय पांडे निवासी चंडेरिया गोरखपुर यूपी, प्रभाकर पांडे निवासी सकरी जिला गोरखपुर, चंद्रभूषण कनकचंद्र निवासी नरेबुजुर्ग, सोनू चैबे निवासी कुशीनगर, चंदन पांडे निवासी गगहा यूपी, चंदन प्रजापति निवासी गाजीपुर, रघुनाथ गुप्ता निवासी बस्ती, विक्की पांडे निवासी गोरखपुर, दिलीप वर्मा निवासी मदुआ यूपी, सन्नी यादव निवासी राजगढ़, गोरखपुर यूपी, ओमप्रकाश राजपूत निवासी भैंसाहा यूपी, कुंदन प्रजापति निवासी जामनिया, नंदमोहन पांडे निवासी चंडेरिया गोरखपुर शामिल हैं।

# ग्राम खरदोन कलां में मप्र ग्रामीण बैंक से चोरी गई बंदूक बरामद, आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कालापीपल

पुलिस अधीक्षक यशपाल सिंह राजपूत द्वारा अज्ञात चोरी के अपराधों व फरार आरोपियों की धरपकड़ के संबंध में जिले में सभी थाना प्रभारियों को निर्देश दिए जा रहे हैं। जिसके पालन में अति. पुलिस अधीक्षक घनश्याम मालवीय जिला शाजापुर द्वारा व अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) निमेष देशमुख शुजालपुर के मार्गदर्शन में कार्यवाही हेतु थाना कालापीपल पर निरीक्षक मनोहर सिंह जगेत के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया।

दिनांक 07 अगस्त 2023 को फरियादी हरपाल सिंह पिता चंदन सिंह सिसोदिया उम्र 37 साल निवासी अवधपुरी कॉलोनी सीहोर ने मध्यप्रदेश ग्रामीण बैंक शाखा खरदोन कलां का ताला तोड़कर बैंक के अंदर घुसकर अज्ञात आरोपी द्वारा स्ट्रांग रूम का ताला तोड़ने का प्रयास करने व बैंक में रखी अपनी दो नाल बारह बोर बूंदक चोरी करने की रिपोर्ट थाना कालापीपल पर अज्ञात आरोपी के विरूद्व अपराध क्रमांक 327/23 धारा 457,380 भादवि का कायम कर विवेचना में लिया गया। विवेचना पर मुखबिर की सूचना पर आरोपी हनीफ खां पिता कल्लू खां उम्र 27 साल निवासी इमलिया हसन थाना दोराहा सीहोर को गिरफ्तार कर पूछताछ करने पर हनीफ ने अपने साथी नसीम खां पिता बन्ने खां निवासी गेहूंखेड़ा थाना कोलार जिला भोपाल व मुजाईद खां पिता वसीम खां निवासी इमलिया हसन के साथ मिलकर मप्र ग्रामीण बैंक शाखा खरदोन कलां में चोरी की योजना बनाकर उक्त बारह बोर बंदूक चोरी करना व बंदूक नसीम खां के पास होना बताने पर केद्रीय जेल भोपाल में हत्या के अपराध में बंद आरोपी नसीम पिता बन्ने खां उम्र 33 साल निवासी गेहूंखेड़ा थाना कोलार जिला भोपाल का दिनांक 21 नवंबर 2025 को पुलिस रिमांड पर लेकर पूछताछ की गई। पूछताछ पर उक्त अपराध करना स्वीकार कर चोरी की बंदूक नदीम खां पिता वहीद खां निवासी शुजालपुर को बेचना बताया। दिनांक 22 नवंबर 2025 को आरोपी नदीम खां उम्र 30 साल निवासी नूरपुरा सब्जी मंडी शुजालपुर गिरफ्तार कर चोरी की लाइसेंसी बंदूक जब्त की।



# देर रात तक किया जा रहा वेरिफिकेशन कार्य

**कुरावर।** निर्वाचन आयोग द्वारा जिले सहित पूरे प्रदेश में 4 नवंबर से चलाए जा रहे मतदाता पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान में कुरावर नगर में बढ़त बनाए है।

नगर में कुल 14,358 मतदाताओं में से शुक्रवार तक 55 प्रतिशत वेरिफिकेशन पूरा हो चुका है। इस तीव्र गति के साथ चल रहा पुनरीक्षण कार्य में कुरावर नगर जिले में तीसरे स्थान पर पहुंच गया है वही सभी 15 मतदान केंद्रों पर बीएलओ, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, ग्राम पंचायत सचिव, राजस्व विभाग के कर्मचारी, पटवारी और नगरीय प्रशासन के स्टाफ द्वारा वेरिफिकेशन कार्य निरंतर किए जा रहे है। नगर के अन्नपूर्णा मंदिर परिसर में बड़ी संख्या में मतदाता अपने वेरिफिकेशन फॉर्म जमा करने पहुंच रहे हैं। अभियान की नियमित मॉनिटरिंग नायब तहसीलदार सुनीता कुमारी और मुख्य नगर पालिका अधिकारी लीलाधर सेन द्वारा की जा रही है। नगर में वेरिफिकेशन अपलोडिंग की प्रक्रिया देर रात की जा रही है। कुरावर नगर में प्रशासनिक अधिकारियों, बीएलओ, राजस्व एवं परिषद कर्मचारियों ने मतदाताओं द्वारा दिए गए वेरिफिकेशन फॉर्म को ऑनलाइन अपलोड किया जा रहा है।

### थाना बोडा पुलिस की अवैध शराब कारोबारियों पर बड़ी कार्रवाई

# 699 लीटर अवैध शराब, 3 बाइक, 3 फ्रीज सहित 9.22 लाख का माल जब्त

**ब्यावरा।** जिलेभर में अवैध शराब, जुआ एवं अन्य गैरकानूनी गतिविधियों पर नकेल कसने के लिए लगातार विशेष अभियान चलाया जा रहा है।

इसी अभियान के तहत एसडीओपी नरसिंहगढ़ मिनी शुक्ला (भापुसे) के मार्गदर्शन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक केएल बंजारे के नेतृत्व में बोडा पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए अवैध शराब कारोबारियों पर शिकंजा कसा है। थाना प्रभारी बोडा उपनिरीक्षक देवेन्द्र सिंह राजपूत तथा जिले के अन्य थानों की संयुक्त टीम ने ग्राम गुलखेड़ी में दबिश देकर अलग-अलग स्थानों से 549 लीटर देशी-विदेशी शराब, 150 लीटर कच्ची शराब, 3 मोटरसाइकिल, 3 फ्रीज तथा अन्य सामग्री कुल 9 लाख 22 हजार रुपये मूल्य की जब्त की।




### कार्रवाई का विवरण

21 नवंबर 2025 को एसडीओपी मिनी शुक्ला के निर्देशन में बोडा थाना, नरसिंहगढ़, भोजपुर, करनवास, कालीपीठ, पचोर, छापीहेडा एवं लीमाचौहान थाना बल की संयुक्त टीम ने ग्राम गुलखेड़ी में दबिश देकर अवैध शराब की कई गुमठियों पर एक साथ कार्रवाई की। टीम ने आरोपियों की दुकानों से बड़ी मात्रा में देशी-विदेशी शराब व कच्ची शराब बरामद की। इसके साथ ही 5 हजार लीटर कच्ची शराब बनाने में प्रयुक्त महुआ लाहन और कच्ची शराब बनाने की दो भट्टियां नष्ट की गईं।

### बाल-विवाह, नातरा-झगड़ा कुप्रथाओं को लेकर जारी है कार्यक्रम

# जागरुकता प्रयासों से कुरीतियों की बेड़ियां तोड़ रहा राजगढ़

**राजगढ़।** बाल-विवाह, बाल सगाई और नातरा-झगड़े जैसी कुरीतियों के नाम से पहचाना जाने वाले राजगढ़ जिले में अब परिवर्तन की नई इबारत नजर आने लगी हैं। प्रशासन एवं सामाजिक संगठनों द्वारा किए जा रहे जागरुकता प्रयासों के चलते लोग अब इन कुप्रथाओं को त्यागने का संकल्प ले रहे हैं।

शनिवार को खिलचीपुर के ग्राम हिनोतिया, शेरपुरा और बड़बेली गांवों में आयोजित गांव चैपाल इस बदलाव की साक्षी बनी। यहां महिला एवं बाल विकास विभाग, पुलिस विभाग, स्वास्थ्य एवं शिक्षा विभाग, कृषि विभाग, अहिंसा वेलफेयर सोसायटी की टीम की मौजूदगी में लोगों ने कुप्रथाओं से हमेंशा के लिए नाता तोड़ने का संकल्प लिया। इस दौरान उपस्थित टीम के अधिकारियों ने कहा कि सामुहिक सहभागिता की यह व्यापक श्रृंखला बताती है कि जब समाज एकजुट होकर खड़ा होता है, तो परिवर्तन सिर्फ संभव नहीं, बल्कि अवश्यंभावी हो जाता है। राजगढ़ अब अपनी नई पहचान गढ़ रहा है। जहाँ बचपन सुरक्षित होगा, परिवार जागरूक होंगे, और समाज कुरीतियों की छाया से मुक्त होकर प्रगति के प्रकाश में आगे बढ़ेगा।




### नई शिक्षा नीति पर मार्गदर्शन व छात्र शिक्षक परिचर्चा

**जीरापुर।** राज्य शिक्षक संघ द्वारा एक निजी स्कूल में छात्र-शिक्षक परिचर्चा का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों की शैक्षणिक समझ को मजबूत करने और शिक्षकों को नई शिक्षा नीति के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु प्रेरित करने के उद्देश्य से आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की पूजा-अर्चना और दीप प्रज्वलन से हुआ। मुख्य वक्ता एवं राज्य शिक्षक संघ प्रांताध्यक्ष ने विद्यार्थियों को राष्ट्रीय शिक्षा नीति के विभिन्न पहलुओं को विस्तारपूर्वक समझाया। नई शिक्षा नीति आगामी पीढ़ी के लिए एक बड़ी सौगात है। यह नीति बच्चों को कौशल आधारित, लचीली और बहुआयामी शिक्षा की ओर ले जाती है। शिक्षक इस परिवर्तन के केंद्र है। उन्होंने यह भी कहा विद्यालय की प्रगति टीमवर्क, अनुशासन और गुणवत्तापूर्ण शिक्षण का परिणाम है।

### रोज्या पंप हाउस से खेतों में पानी पहुंचाने शुरू हुई नहरें

# जब नहरों से फूटी जलधारा तो खिल उठे सैकड़ों किसानों के चेहरे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

क्षेत्र के विकास में आमूलचूल बदलाव लाने वाली मोहनपुरा वृहद सिंचाई परियोजना से जुड़े रोज्या पंप हाऊस का कार्य पूर्ण होने पर शनिवार से नहरें खोल दी गईं। पहली बार प्रेशराईज्ड नहरों से खेतों में पानी पहुंचने पर करेड़ी, खुजनेर छेत्र के सैकड़ों किसानों की खुशी का ठिकाना नही रहा। रोज्या पंप हाऊस से कालूखेड़ी, गेहूंखेड़ी, राजपुरा, नानागांव, बरखेड़ा, चांदपुरा, कुंडीबे, मोरपीपली, मोतीपुरा, तलाईखेड़ा, सरेड़ी, हाजीपुरा, वीरेंद्रपुरा, मनोहरपुरा, जोगीपुरा, फूलखेड़ी, करेड़ा, खेडी, खैरासी, भारतपुरा सहित अन्य ग्रामों के खेतों में अब सीधे प्रेशराईज्ड नहरों से पानी दिया जाना लगा है। खुजनेर क्षेत्र के उक्त सभी गांवों के अनेकों किसानों द्वारा कईं बार नहरें चालू करने के संबंध में आंदोलन, चक्काजाम, प्रदर्शन किए गए लेकिन पंप हाऊस सहित अन्य कार्य पूर्ण न होने के चलते इन गांवों के किसानों को नहरों का लाभ नहीं मिल पा रहा था। अंततः किसानों का सपना पूरा हुआ और बांध से सीधे खेत तक नहरों के माध्यम से पानी पहुंचना आरंभ कर दिया गया है।



### अधिकारियों ने की अपील

मोहनुपरा परियोजना के अधिकारियों ने किसानों से अपील की है कि वे नहरों की पाईप लाईनों, वाल्व आदि में किसी तरह की कोई छेड़छाड़ न करें। यदि किसान यह कदम उठाएंगे तो आगे के गांवों के किसानों को समस्या आएगी और उनके खेत सूखे रहेंगे। ऐसे में किसानों से सुव्यवस्थित तरीके से खेतों में सिंचाई करने का आगृह किया गया है। इसके बावजूद पाइप लाईनों से छेड़छाड़ करने वालों के खिलाफ वैधानिक कदम उठाया जाएगा।



# 'व्यक्ति को अपने कर्म करने होंगे सभी कथाओं का भी यही सार है'

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जीरापुर

संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा के तीसरे दिवस पं. सुरेश बिहारी नागर ने बताया कि स्नान करने से हमारे शरीर की शुद्धी होगी और आत्मिक शुद्धी के लिए स्वाध्याय जरुरी है, व्यक्ति को अपने कर्म करने होंगे सभी कथाओं का भी यही सार है। व्यक्ति को धर्म के मार्ग से जुड़ा रहना चाहिए , जीवन में जब भी हमे समय मिले परमात्मा का सुमिरन अवश्य करें। हिरणाकश्यप एवं प्रहलाद प्रसंग पर बताया कि जो व्यक्ति भगवान का भगत होगा उसका बुरा नहीं होता गया। राजा हिरणाकश्यप ने अपने पुत्र प्रहलाद को मारने के लिए अनेकों प्रयास करें लेकिन भगवान की भक्ति नाम सुमीरन, शक्ति के सामने कुछ नहीं चली और अपनी बहन को अग्नि में जलना पड़ा जब होलीका तब से होली उत्सव प्रारंभ हुआ।

पंडित नागर ने बताया की मंत्र जप की शक्ति अपार है जीवन में जब भी समय मिले हमे परमात्मा अपने इष्ट का सुमिरन आवश्यक रूप से करना चाहिए। कथा का भी यही सार है की व्यक्ति अपने धर्म से जुडकर भगवत नाम का सुमिरन करें, ईश्वर की कृपा से ही यह मानव जीवन मिला है। हिरण्याकश्यप ने सृष्टि के रचयिता ब्रह्मा जी से वरदान मांगा था कि में धरती पर न आकाश में न घर में न बहार न नर से न नारायण से न शस्त्र से न अस्त्र से मरूं ओर ब्रह्मा जी ने भी उसे वरदान दे दिया था लेकिन हिरणाकश्यप को यह पता नहीं था कि कोई और रूप भी होता है जो उसकी मृत्यु का कारण बनेगा ऐसे में नरसिंह भगवान का अवतार हुआ और अधिक मास में सायंकाल के समय नरसिम्ह भगवान ने अपने नाखूनों से उसका सीना चीरकर वध किया था। उन्होंने इस प्रसंग के माध्यम से बताया कि व्यक्ति को कभी भी घमंड नहीं करना चाहिए। कथा आयोजक मण्ड़लोई चटठया दांगी परिवार द्वारा खिलचीपुर नाका तालाब परिसर में चल रही जिसमें बडी संख्या में श्रद्धालू भक्त कथा श्रवण में पहुंच रहे हैं।

# छात्र जोड़ो यात्रा के तहत एनएसयूआई ने किया संवाद



**ब्यावरा।** छात्र जोड़ो यात्रा के तहत शनिवार को ब्यावरा विधानसभा में एनएसयूआई टीम द्वारा छात्रों से संवाद किया गया। जिसमें एनएसयूआई विधानसभा अध्यक्ष ईश्वर गुर्जर द्वारा नगर अध्यक्ष आशु शर्मा ने ब्यावरा नगर के स्कूलों में एनएसयूआई की कार्यकारणी गठित की। जिसमें ब्यावरा पब्लिक स्कूल,स्वामी विवेकानंद एकेडमी, आईपीएस आदि स्कूलो में विभिन्न पदों पर नियुक्तियां की गईं। साथ ही छात्र नेता संजय पंवार, ललित सोलंकी, अंकित दांगी, विधानसभा उपाध्यक्ष संदीप पंवार, विधानसभा सचिव संदीप गुर्जर, ब्लॉक अध्यक्ष अरविंद सौंधिया, गादिया ब्लॉक अध्यक्ष अंकित सोंधिया, मानस स्कूल अध्यक्ष नमन सेन सहित सभी एनएसयूआई के कार्यकर्ता साथी उपस्थित रहे।

### आलाअधिकारी सहित जनसुनवाई में आवेदन देने के बाद भी नहीं हुई लाइन चालू

# 4 माह से किसान दफ्तर के लगा रहा चक्कर, विद्युत के लिए महिला किसान भी परेशान


हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

मध्य प्रदेश सरकार किसानों को 5 रुपए में विद्युत कनेक्शन देने के बड़े बड़े दावे किए गए, ताकि आम किसान को समय पर 5 रुपए में वैध कनेक्शन उपलब्ध हो सकें तथा विद्युत कनेक्शन के माध्यम से अपनी पानी की मोटर पंप चलाकर खेती सिंचित कर अपने परिवार का भरण पोषण कर सकें अन्नदाता कहलाने वाले किसान के लिए सरकार पलक पांवड़े बिछाती हुई विज्ञापन होडिंग में दिखाई दे रही है। हकीकत इससे कुछ अलग है। शासन की मंशा पर विद्युत विभाग पानी फेर रहा है।

सरकार के किसी भी आदेश को स्थानीय स्तर पर संबंधित विभाग को पालन करना अनिवार्य है। ताकि शासन की मंशा जनहित में पूरी हो लेकिन मध्य प्रदेश विद्युत वितरण कंपनी मऊ के अधिकारी द्वारा सरकार के आदेश को तब्बजो नहीं दी जा रही है। किसान ने बताया कि मऊ विद्युत अधिकारी द्वारका प्रसाद मिश्रा की अनदेखी के कारण मैं 4 माह से परेशान हूं। मेरा विद्युत कनेक्शन पहले तो मनमाने ढंग से काट दिया। जब मैने इसकी शिकायत की तो कनेक्शन जोड़ने के लिए मुझसे 5 हजार की राशि ली और कनेक्शन जोड़ दिया। लेकिन कागज में कनेक्शन जुड़ने के बाद भौतिक स्तर पर आज तक लाइन नहीं जोड़ी। जिसकी शिकायत मेरे द्वारा पुनः विद्युत मंडल मऊ ब्यावरा राजगढ़ सारंगपुर एसडीएम कलेक्टर राजगढ़ सहित थाना प्रभारी को की गई। लेकिन आज तक मेरी लाइन चालू नहीं हुई। 4 माह से मैं लगातार दफ्तर के चक्कर लगा रहा हूं, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। मैं विद्युत मंडल मऊ पुनः गया तो सुपरवाइजर ने भगा दिया। विनय करने के बाद सुपर वाइजर ने कह की डीपी लगाने के लिए जितने पैसे खर्च होते हैं उसमें से आधे पैसे 80 हजार रुपए लेकर आओ तब आपकी लाइन चालू हो जाएगी। ऐसे में गरीब किसान की फसल आज तक असिंचित पड़ी हुई है। क्या किसानों के साथ विद्युत विभाग इसी तरह का काम कर रहा है। यह एक मामला सामने आने पर उजागर हुआ है। ऐसे कई किसान परेशान होंगे लेकिन उनकी मजबूरी है कि वे अपनी पीड़ा बता नहीं सकते।

### किसान ने दिया आवेदन

16 अक्टूबर 2025 को मऊ विद्युत मंडल फिर 7 नवंबर को फिर सुपरवाइजर को दूसरा आवेदन फिर राजगढ़ के वरिष्ठ अधिकारी को 10 नवंबर को फिर 18 नवंबर को सारंगपुर 4 नवंबर को एसपी राजगढ़ को आवेदन दिया गया। सभी आवेदनों की प्रतिपूर्ति करने के लिए विद्युत मंडल मऊ द्वारा चौकी प्रभारी पुलिस चौकी पड़ाना को एक आवेदन 1 नवंबर 2025 को भेज कर इतिश्री कर दी। लेकिन अभी तक उक्त किसान की लाइन चालू नहीं की और न ही विद्युत कनेक्शन में बाधा उत्पन्न करने वाले के खिलाफ किसी भी प्रकार की कोई वैधानिक कार्यवाही कराई गई। क्या किसान दफ्तर के चक्कर लगाता रहेगा या उसकी लाइन चालू होगी यह तो आने वाला समय ही बताएगा। लेकिन किसान की हकीकत सुनने एवं किसान के पास रखे दस्तावेज से यह प्रतीत होता है कि विद्युत मंडल मऊ के सुपरवाइजर की मनमानी तथा सरकार के आदेशों की खुली अवहेलना प्रदर्शित हो रही है।




### इनका कहना है...

*किसानों का आपसी मामला है। मैने पढ़ाना पुलिस चौकी आवेदन दिया है। एक दो दिन में लाइन चालू करवाता हूं।*

*द्वारका प्रसाद मिश्रा, जेई, विद्युत विभाग*

*मामला आपके द्वारा संज्ञान में आया है। मैं विद्युत मंडल सुपरवाइजर को बोलकर लाइन चालू करवाता हूं।*

*प्रहलाद क्षेत्रे, उप महाप्रबंधक मध्य प्रदेश विद्युत वितरण केंद्र ब्यावरा, राजगढ़*

## खबर संक्षेप

### 6 से 8 की अर्द्धवार्षिक परीक्षाएं आगे बढ़ाई

**सीहोर।** राज्य शिक्षा केंद्र ने कक्षा 6 से 8 तक की अर्धवार्षिक परीक्षाओं की तिथि बढ़ा दी है। ये परीक्षाएं पहले 24 नवंबर से शुरू होने वाली थीं, लेकिन अब 8 दिसंबर से 13 दिसंबर के बीच आयोजित की जाएंगी। नई समय-सारिणी राज्य शिक्षा केंद्र द्वारा जारी कर दी गई है। परीक्षा तिथियों में बदलाव का कारण प्रदेश में चल रहा एसआईआर (मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण) अभियान बताया गया है। प्रदेश में इन दिनों एसआईआर कार्य तेजी से चल रहा है, जिसमें बड़ी संख्या में सरकारी स्कूलों के शिक्षकों को लगाया गया है। शिक्षकों की इस ड्यूटी का सीधा असर स्कूलों की नियमित पढ़ाई और कोर्स पूरा होने की प्रक्रिया पर पड़ा है। कई विद्यालयों में कोर्स अपूर्ण होने के कारण परीक्षाएं निर्धारित समय पर कराना संभव नहीं था। पहले जारी टाइम टेबल के अनुसार परीक्षाएं 24 नवंबर से होनी थीं, लेकिन अब इन्हें दो सप्ताह आगे बढ़ा दिया गया है। डीपीसी आरएस उईके ने बताया कि एसआईआर कार्य की अधिकता के चलते परीक्षाओं की तिथि बढ़ाई गई है और राज्य शिक्षा केंद्र ने संशोधित टाइम टेबल सभी जिलों को भेज दिया है।

### रक्तदान कर मनाया एनसीसी दिवस

**सीहोर।** सीहोर के प्रधानमंत्री एक्सीलेंस कॉलेज के एनसीसी कैडेट्स ने एनसीसी दिवस के अवसर पर रक्तदान कर मानवता के प्रति अपनी सजगता और प्रतिबद्धता का परिचय दिया है। भोपाल के चिरायु चिकित्सालय में एक बुजुर्ग की ओपन हार्ट सर्जरी हेतु चार यूनिट रक्त की आकस्मिक आवश्यकता थी, उनके पुत्र ने पीएम एक्सीलेंस कॉलेज सीहोर के एनसीसी अधिकारी से रक्त के लिए आग्रह किया। सहयोगी एनसीसी अधिकारी लेफ्टिनेंट सतीश शर्मा के आह्वान पर कॉलेज के एनसीसी कैडेट्स आर्यन वर्मा, विकास परमार, अजय वर्मा एवं महात्मा गांधी कॉलेज के एनसीसी केयरटेकर अरविंद वर्मा तुरंत चिरायु अस्पताल पहुंचे और चारों ने सहर्ष चार यूनिट रक्तदान किया। कैडेट्स आर्यन ने बताया कि रक्तदान कर वह बहुत सुखद अनुभव कर रहे हैं। कैडेट विकास परमार ने कहा कि चंद्रशेखर आजाद महाविद्यालय सीहोर की एनसीसी इकाई की यह परंपरा रही है कि सभी कैडेट जरूरतमंदों के लिए रक्तदान व समाज सेवा के लिए सदैव तत्पर रहते हैं।

देश की सबसे ऊंची 60 लाख रुपए लागत की अटल प्रतिमा चढ़ी भ्रष्टाचार की भेंट, आरोप लगाकर जांच की मांग

# स्थानीय प्रशासन की उदासीनता के चलते कांग्रेस ने आर्थिक अपराध शाखा ईओडब्लू भोपाल में दर्ज कराई अपनी शिकायत

सबसे ऊंची 60 लाख रुपए लागत की अटल प्रतिमा चढ़ी भ्रष्टाचार की भेंट। कांग्रेस ने लिखित में दर्ज कराई शिकायत। दो साल से ज्यादा का समय बिता,लोकार्पण से पहले ही जर्जर हुई अटल प्रतिमा।

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

शहर के इंदौर भोपाल मार्ग दरगाह के समीप BJP नगर द्वारा विकसित की गई आवास कॉलोनी में लगी पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेई की 60 लाख रुपए से अधिक लागत की अटल प्रतिमा में हुए भारी भ्रष्टाचार से भाजपा की फजीहत बढ़ती जा रही है और जिले सहित अब पूरे प्रदेश में जमकर किरकिरी हो रही है ऐसे में अब भाजपा सरकार अपने ही नेता अटल बिहारी वाजपेई की प्रतिमा में हुए भ्रष्टाचार पर घिरी हुई नजर आ रही है जहां एक माह पूर्व नगर पालिका में नेताप्रतिपक्ष राजकुमार मालवीय ने आवास कॉलोनी स्थित अटल प्रतिमा में हुए भ्रष्टाचार की शिकायत स्थानीय एसडीएम को की थी वही अब नेता प्रतिपक्ष राजकुमार मालवीय ने भोपाल पहुंच कर ईओडब्ल्यू (आर्थिक अपराध शाखा) में शिकायत दर्ज कराकर भाजपा की नगर सरकार की मुसीबतें बड़ा दी है।

आपको बता दें की नगर पालिका द्वारा स्थापित की गई आवास कालोनी में लगाई गई अटल प्रतिमा देश की सबसे ऊंची प्रतिमा बताई जा रही है जिसकी ऊचाई 42 फिट है वही इसके



प्लेटफार्म की ऊचाई 12 है जिसकी कुल ऊंचाई 54 फिट के लगभग है और जिसकी लागत 60 लाख रुपए से अधिक की अनुमानित बताई जा रही जिसका ढाई टन वजनी के लगभग है और बहुत मजबूती का दावा किया गया था लेकिन महज कुछ महीनों में ही 60 लाख रुपए लागत की स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेई की प्रतिमा जर्जर हालत में पहुंच गई है वही दो वर्षो से लगातार इस प्रतिमा में भ्रष्टाचार करने के गंभीर आरोप लग रहे हैं।आपको बता दें कि उक्त प्रतिमा को जांच के दायरे में लाने की मांग लंबे समय से उठ रही है ऐसे में कांग्रेस ने 14 सितम्बर को आष्टा एसडीएम नितिन टाले को लिखित में शिकायत कर अटल प्रतिमा में हुए भ्रष्टाचार की जांच की उम्मीद जताई थी। लेकिन एक माह बाद भी स्थानीय प्रशासन की उदासीनता के चलते कांग्रेस ने ईओडब्ल्यू (आर्थिक अपराध शाखा) में भी अब शिकायत दर्ज करवाई है। आपको बता दें कि प्रतिमा को लगे दो वर्ष से ज्यादा का समय बीत चुका है और अब तक प्रतिमा का अनावरण तक नहीं हुआ है ऐसे में शहर के नागरिक सहित कांग्रेस भी इस मामले पर कार्यवाही की मांग उठा रहे हैं।

### पहले एसडीएम अब आर्थिक अपराध शाखा में दर्ज कराई शिकायत

नगर पालिका आष्टा में नेताप्रतिपक्ष वार्ड 3 के पार्षद राजुकमार मालवीय ने जहां एक माह पहले 14 सितम्बर को अपने चारो पार्षदों जाहिद खान, हिफजुर रहमान भैया मियां , मोहम्मद अंसारी तस्कीन शेख के हस्ताक्षर युक्त लिखित पत्र के माध्यम से आष्टा एसडीएम नितिन टाले को मूर्ति में हुए भ्रष्टाचार की शिकायत दर्ज कराई थी वही बीते दिवस नेता प्रतिपक्ष राजकुमार मालवीय ने भोपाल पहुंच कर अटल प्रतिमा में हुए भ्रष्टाचार की शिकायत ईओडब्ल्यू (आर्थिक अपराध शाखा) में दर्ज करा कर कार्यवाही की मांग की है। नेता प्रतिपक्ष राजकुमार मालवीय ने बताया कि आष्टा नगर पालिका में लंबे समय भ्रष्टाचार के कई मामले सामने आ रहे हैं इसमें सबसे बड़ा भ्रष्टाचार तो इनकी ही पार्टी के नेता भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेई की 60 लाख रुपए लागत की प्रतिमा में हुआ है जिसकी शिकायत स्थानीय स्तर पर भी कर चुके हैं लेकिन अब तक प्रशासन कोई ध्यान नहीं दिया है और नाही जांच टीम बनाई है इसको लेकर हमने अब भोपाल में आर्थिक अपराध शाखा (EOW) की है और मूर्ति की जांच कर भ्रष्टाचार में लिप्त अधिकारी और जनप्रतिनिधियो पर एफआईआर दर्ज करने की मांग की है।

### पूर्व मंत्री सज्जन वर्मा भी प्रतिमा में हुए भ्रष्टाचार पर कार्रवाई की मांग कर चुके हैं

कांग्रेस के कद्दावर नेता पूर्व मंत्री सज्जन सिंह वर्मा भी एक माह पूर्व आवास कॉलोनी स्थित अटल प्रतिमा के पास तमाम कांग्रेसियों के साथ प्रतिमा की हकीकत जानने पहुंचे थे और मूर्ति की हकीक़त देख पूर्व मंत्री सज्जन सिंह वर्मा ने भारतीय जनता पार्टी पर जमकर निशाना साधते हुए कहा था की मध्यप्रदेश में भारतीय जनता पार्टी ने भ्रष्टाचार की सारी हदें पार कर दी है जिस अटल बिहारी वाजपेई के नाम भारतीय जनता पार्टी ने भारत में जीत के मुकाम पर पहुंची है आज उस महान व्यक्तित्व की मूर्ति में भी इन भाजपाइयों ने भ्रष्टाचार करने से परहेज नहीं किया है और आष्टा नगर पालिका को भ्रष्टाचार का अड्डा बना रखा है भाजपाइयों को शर्म आना चाहिए जिस इंसान के कारण तुम्हारी पार्टी जीत के इस मुकाम पर पहुंची हो कम से कम उस महान व्यक्तित्व के नाम पर भ्रष्टाचार कर कालिख तो मत पोतो ।

## डोडी मंडल के बीएलए-2 की दरखेड़ा में हुई बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

एसआईआर को ले कर आज विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने आष्टा विधानसभा क्षेत्र के डोडी मंडल के सभी 40 बूथों के बीएलए 2 की ग्राम दरखेड़ा में बैठक ली। बैठक मे जिला भाजपा के उपाध्यक्ष कल्याणसिंह ठाकुर,सरपंच कृपालसिंह ठाकुर,मानसिंह ठाकुर, महामंत्री दिनेश कुमार पंवार, हरेंद्र सिंह ठाकुर, उपाध्यक्ष ज्ञान सिंह पटेल डोडी, देवराज वर्मा अरनिया गाजी, मंत्री योगेन्द्र सिंह पटेल डोडी, वरिष्ठ नेता कृपाल सिंह ठाकुर सरपंच भवरी,घासीराम भाटी पारदीखेडी, एवं समस्त बूथ अध्यक्ष गण, भाजपा नेता, कार्यकर्ता गण,बीएलए 2आदि विशेष रूप से उपस्तिथ रहे ।

बैठक को संबोधित करते हुए विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने डोडी मंडल के अंतर्गत आने वाले सभी 40 मतदान केंद्रों के बीएलए 2 को कहा कि मतदाता सूची का जो विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) चल रहा है उसे हम सभी को गम्भीरता से लेना है ।इसके लिए प्रत्येक कार्यकर्ता को रोजाना 4 दिसम्बर तक कुछ समय निकालकर अपने बूथ पर जाना होगा । भारतीय जनता पार्टी की ओर से डोडी मंडल के सभी 40 मतदान केंद्रों के बीएलए 2 नियुक्त किये गये है । विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने सभी



कार्यकर्ताओं से कहा कि अपने-अपने क्षेत्र में यह सुनिश्चित करें कि किसी भी पात्र मतदाता को एसआईआर की प्रक्रिया के दौरान कोई परेशानी न होने पाए। जो पात्र है उनके नाम जुड़े,जो अपात्र है,यहा नही रहते है उनके नाम ना जुड़े । सभी कार्यकर्ता ग्राम ग्राम जा कर एसआईआर के कार्यो में सहभागिता कर मतदाताओं की मदद करें।हमें जनता को यह बताना होगा कि एसआईआर किसी भी मतदाता का नाम काटने के लिए नहीं है। एसआईआर सिर्फ मतदाता सूची के सटीक शुद्धिकरण के लिए चलाया जाने वाला अभियान है। पार्टी के सभी कार्यकर्ता 4 दिसंबर तक चलने वाले इस अभियान में पूर्ण समर्पण के साथ जुट जाएं। जो बीएलओ नियुक्त किये वे कार्य मे कोई लापरवाही तो नही कर रहे है ।डोडी मंडल की बैठक में बीएलए 2,मंडल के सभी पदाधिकारी, कार्यकर्ता उपस्तिथ रहे । विधायक कार्यालय में कार्यकर्ताओं की सुविधा के लिये एसआईआर को लेकर कंट्रोल रूम बनाया है। सीहोर में एसआईआर को लेकर जिला भाजपा कार्यालय में सम्पन्न हुई कामकाजी बैठक में भाजपा के संभाग प्रभारी तेजबहादुरसिंह चौहान के निर्देशानुसार आष्टा विधायक कार्यालय में एसआईआर को लेकर एक कंट्रोल रूम बनाया गया है। कंट्रोल रूम के मोबाईल नम्बर 77479 56314 पर आष्टा क्षेत्र के सभी आठो मंडलो के बीएलए, कार्यकर्ता,पदाधिकारी एसआईआर को लेकर कोई भी जानकारी लेना हो, कोई समस्या आ रही हो तो वे उक्त नम्बर पर कॉल करके समस्या का समाधान प्राप्त कर सकते है।

### एकता, अनुशासन का संदेश देती है एनसीसीः तोमर



**जावर।** एनसीसी कैडेट्स को एकता और अनुशासन का संदेश देती है। कैडेट चाहे मध्यप्रदेश का हो या किसी अन्य प्रदेश का, सभी के भाव और कार्य समान होते हैं। एनसीसी के माध्यम से कैडेट्स देशभक्ति के साथ ही समाजसेवा और अनुशासन का पाठ पढ़ते हैं। यह बात रविवार को आयोजित एनसीसी के 77वें स्थापना दिवस समारोह के दौरान एएनओ मुनेंद्र सिंह तोमर ने कही। उन्होंने कहा कि एनसीसी देश भक्ति ऑर समाज सेवा के लिए केडिट्स में जोश और जज्बा बढ़ाती है। इस दौरान सांदीपनि शासकीय उमावि जावर के एनसीसी कैडेट्स ने रामदेव बाबा मंदिर सेकुखेड़ा परिसर में स्वच्छता अभियान चलाकर पौधारोपण भी किया गया। इसके बाद एनसीसी कैडेटस द्वारा देशभक्ति और सामाजिक विषयों पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम के दौरान शिक्षक लोकेंद्र सिंह ने अपने अतिथि व्याख्यान में उपस्थित कैडेट्स को एनसीसी के बारे में विस्तार से समझाया गया। कार्यक्रम के अतिथि के रूप में सर्वश्री पीआई स्टाफ रवि परमार, एनसीसी अधिकारी मुनेंद्र सिंह तोमर, कमलेश खत्री, लोकेंद्र सिंह ठाकुर, धर्मेंद्र खत्री, समीम मंसूरी, जयंत गुप्ता सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

## बाल मेले में लगाई विज्ञान प्रदर्शनी विद्यार्थियों ने दिखाई अपनी प्रतिभा



हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

बाल दिवस के उपलक्ष में अधिकांश स्कूलों में बीते दिनों बाल मेले का आयोजन किया गया। इसी क्रम में शनिवार को संस्कृति हायर सेकेंडरी स्कूल में बाल मेंले एवं विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम अतिथिगण एवं विद्यालय परिवार द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्जवलित किया गया।

इसी के साथ संस्था संस्थापक बाबूजी के छायाचित्र पर माल्यार्पण किया गया। इसके पश्चात स्कूल डायरेक्टर प्राचार्य सर्वेश उपाध्याय द्वारा विद्यालय परिवार की ओर से मुख्य अतिथि बीआरसी अजब सिंह राजपूत, पत्रकार निलेश कुमार शर्मा एडवोकेट, ओंमकार सिंह, युवा पत्रकार धनंजय जाट का पुष्प माला पहनाकर स्वागत किया गया। इस दौरान आष्टा प्रेस क्लब संयुक्त सचिव धनंजय जाट द्वारा श्री सर्वेश उपाध्याय का आष्टा क्लब अध्यक्ष बाबू पांचाल एवं समस्त टीम की ओर से प्रतीक चिन्ह भेंटकर सम्मान किया। इसके पश्चात छात्र-छात्राओं द्वारा उनके द्वारा बनाई गई भौतिकी, रसायन विज्ञान, जीव विज्ञान और प्रौद्योगिकी जैसे विभिन्न विज्ञान प्रदर्शनी का बीआरसी, उपस्थित पत्रकारगण एवं विद्यालय संचालक के सामने बाल मेले के साथ लगाई गई विज्ञान प्रदर्शनी का विस्तार पूर्वक जानकारी के साथ अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। छात्र-छात्राओं द्वारा बनाई गई विज्ञान प्रदर्शनी का उपस्थित अतिथि गणों द्वारा बहुत ही सहाराना की गई। इसके पश्चात बीआरसी अजब सिंह राजपूत द्वारा पत्रकारगण, विद्यालय संचालक एवं समस्त स्टाफ के साथ रिबन काटकर बाल मेंले का शुभारंभ किया।

इसी के साथ छात्र-छात्राओं द्वारा लगाए गए व्यंजनों के स्टाल से खरीदारी कर अतिथियों ने व्यंजनों को चखा एवं बाल मेंले का भ्रमण कर बच्चों का उत्साह वर्धन किया। विद्यालय संचालक प्राचार्य सर्वेश उपाध्याय ने बताया कि इस तरह के आयोजनों से बच्चों का बौद्धिक विकास होता है, बाल मेले एवं विज्ञान प्रदर्शनी जैसी अन्य एक्टिविटीयों से छात्रों में रचनात्मकता और समस्या-समाधान कौशल को बढ़ावा देती हैं।

## शासकीय शहीद भगत सिंह महाविद्यालय में मनाया एनसीसी दिवस





हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

रविवार को शासकीय शहीद भगत सिंह महाविद्यालय में 77वां राष्ट्रीय कैडेट कोर दिवस हर्षोल्लास से मनाया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय प्राचार्य धर्मेंद्र सूर्यवंशी, एनसीसी अधिकारी भास्कर परमार, परेड इंस्पेक्टर मनोज सर और एनसीसी कैडेट उपस्थित रहें। अपने संबोधन में महाविद्यालय प्राचार्य महोदय ने कहा कि आप सभी सौभाग्यशाली है जो एनसीसी कैडेट बनने का मौका मिला है इसका सदुपयोग करते हुए अपने जीवन में एकता व अनुशासन के साथ अपने कर्तव्य का पालन करें और एक अच्छे नागरिक बनें तथा महाविद्यालय में कोई भी समस्या हो तो सीधे मुझसे संपर्क करें महाविद्यालय प्रशासन सदैव छात्रहित में आपके साथ खड़ा है।महाविद्यालय के एनसीसी अधिकारी भास्कर परमार ने प्राचार्य महोदय,परेड इंस्पेक्टर व सभी उपस्थित एनसीसी कैडेट का आभार व्यक्त करते हुए कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया तथा साथ ही पूरे एनसीसी परिवार की और से प्राचार्य महोदय को महाविद्यालय हित में हर संभव मदद कर लिए सदैव तत्पर रहने का वचन दिया। कार्यक्रम का समापन स्वच्छता अभियान चलाकर तथा प्राचार्य ने वृक्षारोपण कर किया।

खाटू श्याम मंदिर में उमड़ा आस्था का सैलाब, हुआ भंडारे का आयोजन

# खाटू श्याम की महिमा और कृपा अद्भुत और अलौकिकः पुरोहित

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

कलयुगी संसार में पूजे जाने वाले भगवान हैं, जिनकी महिमा निराली है. भक्त बाबा खाटू श्याम को हारे का सहारा कहते हैं। शहर के सैकड़ाखेड़ी भोपाल इंदौर हाईवे पर स्थित प्रसिद्ध खाटू श्याम मंदिर पर दो दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें हजारों की संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। इस मौके पर यहां पर मौजूद इंदौर से आए गोकुल पुरोहित ने कहाकि चमत्कारी बाबा श्याम की महिमा निराली, इस कहावत का अर्थ है कि खाटू श्याम जी की महिमा और कृपा अद्भुत और अलौकिक है। यह भक्तों की हर मनोकामना पूरी करते हैं और उन्हें जीवन के दुखों से मुक्ति दिलाते हैं, इसलिए उन्हें हारे का सहारा भी कहा जाता है। बाबा श्याम महाभारत के योद्धा बर्बरीक हैं, जिन्होंने भगवान कृष्ण को अपना शीश दान कर दिया था, जिस कारण उन्हें कलयुग में पूजनीय माना जाता है। भक्तों के बीच प्रसिद्ध है कि बाबा श्याम अपने भक्तों की हर मन्नत पूरी करते हैं। इसी



वजह से उन्हें लखदातार भी कहा जाता है, क्योंकि वे देने में अपार हैं। लोग बाबा श्याम के प्रति अपनी श्रद्धा प्रकट करने के लिए तरह-तरह से उनकी भक्ति और सेवा करते हैं। भक्तगण अक्सर मंदिर में मनोकामना पूर्ति के लिए 'अर्जी लगाते हैं, जिसमें वे अपनी मनोकामनाओं को एक कागज पर लिखकर नारियल के साथ चढ़ाते हैं। मंदिर की ओर से समाजसेवी मांगीलाल सोलंकी ने बताया कि एक भव्य निशान यात्रा निकाली गई थी। यह यात्रा सीहोर नरेश चमत्कारी बाबा श्याम के प्रथम वार्षिक उत्सव के उपलक्ष्य में आयोजित हुई थी। इस यात्रा में भारी संख्या में भक्तों ने भाग लिया और निशान को बाबा के मंदिर तक पहुंचाया। एक साल पूर्ण होने पर यहां पर भव्य रूप से कार्यक्रम का आयोजन किया गया। रात्रि को निशान यात्रा निकाली गई थी, वहीं शनिवार को निशुल्क कन्याओं का विवाह सम्मेलन किया गया। इस मौके पर विहिप के विवेक राठौर, जगदीश कुशवाहा, संस्कार मंच के मनोज दीक्षित मामा, धर्मेन्द्र माहेश्वरी का स्वागत सम्मान मांगीलाल सोलंकी, जगदीश सोलंकी, ओम सोलंकी, दिनेश सोलंकी, महेश सोलंकी, ऋषि सोलंकी, पराग सोलंकी आदि की ओर से किया गया। मांगीलाल सोलंकी ने बताया कि इस मौके पर क्षेत्र के सभी जनप्रतिनिधि, समाजसेवी और श्रद्धालु मौजूद थे।

## नव नियुक्त युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष टेलर का किया स्वागत



हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

शनिवार को मध्यप्रदेश भाजपा ने भारतीय जनता युवा मोर्चा के पद पर शाजापुर जिले के श्याम टेलर की ताजपोशी की।वही देर रात्रि नव नियुक्त युवा मोर्चा प्रदेश श्याम टेलर का युवा मोर्चा के जिला महामंत्री महेंद्र सिंह ठाकुर धाम बापचा के नेतृत्व में गर्मजोशी से आष्टा बायपास चौपटी पर भव्य स्वागत किया गया।युवा मोर्चा के जिला महामंत्री महेंद्र सिंह ठाकुर धाम बापचा ने जानकारी देते हुए बताया की हमारे नव नियुक्त प्रदेश अध्यक्ष श्याम टेलर आष्टा में अल्प समय के लिए रुके जहां कार्यकर्ताओं के साथ फूल माला पहनाकर स्वागत सम्मान किया गया एवं प्रदेश अध्यक्ष बनने पर बधाई शुभकामनाए दी गई ।इस दौरान बड़ी संख्या युवा मोर्चा के कार्यकर्ता भी मौजूद रहे।